दिनांक: 14.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राइजिंग राजस्थान के तहत आज जयपुर में नगरीय विकास विभाग की प्री इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में हुई इस समिट में निवेशकों के साथ राज्य सरकार ने 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश करारों पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर नगरीय विकास और आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि राइजिंग राजस्थान, समावेशी और सतत आर्थिक तथा सामाजिक विकास और लोगों के कल्याण के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी की दिशा में राज्य का मिशन है। उन्होंने कहा कि आज हुए एमओयू से शहरी क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश कुमार यादव और संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

000

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। वर्तमान में देश में एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं। आज नई दिल्ली में आरबीआई एट 90 उच्च स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि वैश्विक डिजिटल क्रांति में प्रवेश करने और उसे सुधारने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में भारत के अनुभव का लाभ अन्य देश उठा सकते हैं।
डिजिटल मुद्रा के प्रयोग पर रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि सेन्ट्रल बैंक डिजिटल करेंसी–सीबीडीसी सीमा पार निर्बाध भुगतान करने की संभावना रखती है। उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिसने थोक बिक्री और खुदरा सीबीडीसी का शुभारंभ किया है।

000

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत ने मात्र 22 महीनों में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 80 प्रतिशत आबादी तक 5जी दूरसंचार सेवाएं पहुंचाई हैं। आज नई दिल्ली में 5वीं वैश्विक मानक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि 5जी रोल ओवर से वर्ष 2040 तक अर्थव्यवस्था में साढे चार सौ मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की संभावना है। संगोष्ठी के बारे में श्री सिंधिया ने कहा कि यह वैश्विक संवाद के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करेगा, ताकि मानकों पर आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि पहली बार विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा भारत में आयोजित की जा रही है और कार्यक्रम में सौ से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में इस सभा का उद्घाटन करेंगे।

000

राज्य सरकार की ओर से सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जिलों में घरों और सरकारी इमारतों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। डीग जिले में मास्टर आदित्येंद्र राजकीय महाविद्यालय को नोडल केन्द्र बनाया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि इस केन्द्र के माध्यम से जिले के सभी कॉलेजों में रूफटॉप सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। अजमेर में पीएम सूर्यघर योजना के प्रचार–प्रसार के लिए आज अजमेर डिस्कॉम की टीम की ओर से पुलिस लाइंस में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है।

000

राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सांसद ज्ञानप्रकाश पिलानिया का निधन हो गया है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने श्री पिलानिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पूर्व

राज्यसभा सांसद के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से प्रदेश की राजनीति को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000